nandgaon times jan-03-3.qxd 1/2/2025 11:57 PM Page 1

मो. इरफान शेख के दफ्तर में कटा... पृष्ठ 2 | अपर कलेक्टर ने ली सभी विभाग... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 03 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 82, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## वसुधैव कुटुम्बकं और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है हमारी सनातन परम्परा : मुख्यमंत्री

### जगदलपुर में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय का भूमिपूजन, मुख्यमंत्री ने संस्था के विकास हेतु 50 लाख रुपए देने की घोषणा की




रायपुर। कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है और इसी ध्येय के साथ प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम जैसी उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राज्य में 341 पीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं जहां गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान करने नालंदा परिसर भी बड़े शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति और दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग ने विद्याभारती संस्था के प्रदेश में स्थित विभिन्न संस्थाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर वर्ष एक करोड़ रूपए दिए जाने तथा जगदलपुर विधायक श्री किरणदेव सिंह ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए 10 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदाय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्री राजबहादुर सिंह राणा, संस्थान के महामंत्री श्री नरेन्द्र तनेजा एवं श्री रामदत्त चक्रधर ने संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती शिशु



मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक आहुति दी और बस्तर सहित प्रदेशवासियों की प्रगति व खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के आचार्यगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## 17 आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी, जल्द जारी होंगे आदेश

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में 17 पुलिस अधिकारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) ने इन अधिकारियों के प्रमोशन को मंजूरी दे दी है। अगले एक-दो दिनों में पदोन्नति के आदेश जारी होने की संभावना है। 31 दिसंबर को आयोजित डीपीसी की बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, एसीएस मनोज पिंगुआ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रमोशन की कतार में खड़े सभी अधिकारियों की पदोन्नति को हरी झंडी दी गई। दुर्ग और राजनांदगांव पुलिस रेंज के प्रभारी आईजी रामगोपाल गर्ग और दीपक झा अब पूर्णकालिक आईजी बन जाएंगे। दोनों अधिकारी 2007 बैच के आईपीएस हैं और अब तक डीआईजी के रूप में प्रभारी आईजी का कार्यभार संभाल रहे थे। प्रमोशन के बाद इनके पदनाम से प्रभारी शब्द हट जाएगा। 2011 बैच के सात आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी रैंक पर प्रमोशन मिलेगा। इनमें संतोष कुमार सिंह, इंदिरा कल्याण एलिसेला, गोवर्धन सिंह ठाकुर, तिलक राम कोशिमा, प्रशांत कुमार ठाकुर, अजातशत्रु बहादुर सिंह और लाल उमेद सिंह शामिल हैं। ये अधिकारी फिलहाल विभिन्न जिलों में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत हैं। 2012 बैच के आठ आईपीएस अधिकारियों को सलेक्शन ग्रेड की मंजूरी दी गई है। इनमें आशुतोष सिंह, विवेक शुक्ला, शशि मोहन सिंह, राजेश कुकरेजा, श्वेता राजमणि, राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, और रामकृष्ण साहू शामिल हैं। पदोन्नति के बाद छत्तीसगढ़ में पांच और एसएसपी का इजाफा होगा।




## भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल को नव वर्ष की दी बधाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री राम जी भारती और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच लाल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने राजधानी रायपुर में जाकर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इसी के साथ उन्होंने डॉक्टर सिंह से आग्रह किया कि वे राजनंदगांव में राजगामी संपदा न्यास करीब 1 वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति करने मुख्यमंत्री से आग्रह करें।

**राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष नियुक्त करने का किया आग्रह**

जिले की डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक महेंद्र वैष्णव ने अपने राय रखते हुए कहा कि राजगामी संपदा न्यास का अध्यक्ष वैष्णव समाज से नियुक्त होना चाहिए। क्योंकि यहां के राजा वैष्णव समाज से थे। जिन्होंने अपनी बेशुमार संपत्ति शासन को दान किया है और उसी संपत्ति पर राजगामी संपदा न्यास गठित है।

जिसमें प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी भी सरकार ने वैष्णव समाज को भुला दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से रामजी भारती प्रदेश महामन्त्री भाजपा छत्तीसगढ़,सुरेश एच लाल भाजपा के वरिष्ठ नेता, राकेश ठाकुर अध्यक्ष शनिधाम मन्दिर समिति, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव आदि उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद मधुसूदन ने शिव महापुराण कथास्थल हालेकोसा का किया निरीक्षण

### राष्ट्रीय संत एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी का आगमन ईश्वरीय कृपा का संकेत - मधुसूदन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** जिला के छुरिया विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम हालेकोसा में नववर्ष के प्रथम सप्ताह में आयोजित शिव महापुराण कथा के धार्मिक आयोजन की पूर्व तैयारी का जायजा लेने के लिए पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव कथास्थल पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य आयोजक शिव भक्त दिनेश साहू एवं परिवार, आयोजक मंडल के सदस्यों सहित भाजपा नेता सावन वर्मा, किसुन यदु, हर्ष (गुड्डा) रामटेके, मोनू गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, फागू साहू एवं अन्य सहित ग्रामवासी हालेकोसा मौजूद रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा जी जैसे राष्ट्रीय संत एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक का अल्पअवधि में राजनांदगॉव की पावन भूमि पर पुन: आगमन ईश्वरीय कृपा का



संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि राजनांदगॉव जिला एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि नववर्ष के प्रथम सप्ताह में राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के शिव महापुराण कथा के सात दिवसीय आयोजन का पुण्यलाभ प्राप्त होने जा रहा है और इस आयोजन की पूर्व तैयारी को लेकर राजनांदगांव जिला के सनातनी बंधुओं एवं शिवभक्तों में एक नई ऊर्जा, उत्साह एवं उमंग का वातावरण निर्मित हो गया है। उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी सहित सहित पूरे प्रदेश एवं सीमावर्ती राज्यों के विभिन्न जिलों से लाखों की संख्या में सनातनी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी जनता के कथास्थल पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजक मंडल द्वारा इस आयोजन की विशेष तैयारी की जा रही है, जिसका निरीक्षण पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया। आयोजन की तैयारी का जायजा लेते हुए पूर्व सांसद एवं आयोजक मंडल ने आयोजन स्थल पर डोम निर्माण एवं सजावट, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम, श्रद्धालुओं के विश्राम, भोजन भंडारा, पेयजल, पार्किंग, प्रसाधन, सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी व्यवस्था, 3 जनवरी को ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकालने के संबंध में, एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया । इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने शासन प्रशासन के अधिकारियों से आयोजन की तैयारी के संबंध में आवश्यक सहयोग एवं सहभागिता हेतु दूरभाष पर चर्चा भी की।

## हमारे गणित के सिद्धान्तों को पूरे विश्व में मान्यता - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स) ।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत राष्ट्रव्यापी प्रवास पर सनातन मान बिन्दुओं की रक्षा के प्रति आमजन को सचेत करते रहते हैं। प्रात: और सायं कालीन सत्रों में धर्म , राष्ट्र और ईश्वर से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं। उनका संदेश है कि धार्मिक क्षेत्रों में शासक वर्ग को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। वर्तमान में पुरी शंकराचार्यजी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर प्रवास पर हैं। यहां रावाभांठा स्थित श्री सुदर्शन संस्थानम , शंकराचार्य आश्रम में आयोजित गोष्ठी में आज नकली शंकराचार्य प्रकरण में उन्होने कहा कि नरसिम्हा रावजी के प्रधानमंत्रित्व काल में रामालय ट्रस्ट पर सहमति हेतु हस्ताक्षर नहीं करने पर एक आतंकवादी और अराजक तत्व को पुरी पीठ के शंकराचार्य के रूप में प्रतिष्ठित किया गया और वो परंपरा बाद के शासकों ने भी जारी रखा तथा वर्तमान में भी मोदीजी और योगीजी द्वारा उस आतंकवादी व्यक्ति को पुरी के शंकराचार्य के रूप में प्रतिष्ठित कर कुंभ क्षेत्र में स्थान आबंटित किया जा रहा है। अंग्रेजों और मुगलों के शासनकाल में भी नकली शंकराचार्य नहीं बनाये गये पर यह विडंबना है कि मान्य शंकराचार्य की उपेक्षा कर नकली शंकराचार्य को महिमा मण्डित किया जा रहा है , क्योंकि मैं शासनतंत्र के कार्य मे हां में हां नहीं मिलाता तथा वेद सम्मत कार्य न होने पर स्वस्थ आलोचना के रुप में शासनतंत्र को सचेत करता हूं। मेरे द्वारा रचित गणित के सिद्धान्तों को पूरे विश्व में मान्यता मिल रही है सिर्फ भारत के शासकों को छोड़कर। शासकतंत्र को ये चेतावनी है कि हमारे पास गुरु , गोविंद और ग्रंथ का बल है , हमारी उपेक्षा करने पर प्रकृति जो ईश्वर के परिकर हैं उन्हें अवश्य दंड देंगे। गौरतलब है कि रायपुर में आयोजित कार्यकम की समाप्ति के पश्चात महाराजश्री मकर संक्रांति पर गंगासागर और उसके बाद प्रयागराज कुंभ के अवसर पर दिनांक 16 जनवरी से 06 फरवरी 2025 तक शिविर में उपलब्ध रहकर दर्शनलाभ एवं आध्यात्मिक संदेश प्रदान करेंगे। धर्मसंघ पीठ परिषद् आदित्य वाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन ने इस अवसर पर कुंभ क्षेत्र में पुरी शंकराचार्यजी के शिविर में उपस्थित रहकर दर्शनलाभ लेने की अपील की है।



## डीआईसी ने किया कलाकारों का सम्मान

### कलाकारों का सम्मान करते बीएसपी सीईओ(अनिर्बन दासगुप्ता) निदेशक प्रभारी

**भिलाठ( नांदगांव टाइम्स )।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कलाकारों का सम्मान किया। भिलाई इस्पात प्रबंधन द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में इस्पात भवन में आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा कैलेंडर-2025 का विमोचन किया।



इस कैलेंडर का निर्माण संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा किया गया है। कैलेंडर में विभिन्न विभागों में निहित खतरे एवं उनके बचाव के बारे में बताया गया है।मुझे पूर्ण विश्वास है कि, भिलाई बिरादरी सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये दुर्घटना रहित उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में शत प्रतिशत सफल होगी। मेरी आप सभी से यही अपेक्षा है कि आप सुरक्षा के क्षेत्र में उद्देश्यपूर्ण प्रयास जारी रखते हुये सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूती प्रदान करें। दुर्घटना मुक्त उत्पादन के लिये हमें Safety Culture सुरक्षा आज, कल और अनवरत के सिद्धांत को अपनाना होगा। दुर्घटना रहित सुरक्षित कार्य संस्कृति हम सभी का लक्ष्य है एवं सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस अवसर पर आप सभी को एवं आपके परिवार को, मैं पुन: सुरक्षित एवं खुशहाल नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट सीई ओ कॅलेंडर निर्माण में बहुमूल्य योगदान के लिए बधाई इस कॅलेंडर का निर्माण महाप्रबंधक सुरक्षा के मार्गदर्शन श्री अग्रवाल जे एल धुर्वे मार्गदर्शन में किया गया कॅलेंडर निर्माण के योगदान के लिए कलाकार उमाकांत ठाकुर. प्रशांत कुमार क्षीरसागर गंगा राजू प्रभु चरण जेना हरीश देवांगन हेम लाल नायक प्रशांत कु. के.के.नशीने मनोज कु. शर्मा प्रकाश कुमार कौशिक हरीश कुमार चेतन कुमार खोबरागड़े लोमस कुमार साहू छतर सिंह गावड़े दिनेश सोनवानी धनेश कुमार।

## चिरचारी खुर्द डोंगरगांव में श्रीमद भगवत महा पुराण कथा सम्पन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दीक्षित साहू सेवानिवृत प्रधानपाठक उनके परिवार तथा ग्रामवासियो के सहयोग से ग्राम चिरचारीखुर्द डोंगरगांव में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा सम्पन्न हुआ। व्यासपीठ पर भगवताचार्य पंडित योगेश वत्स ग्राम उल्बा पाटन दुर्ग-आसीन होकर निरंतर सात दिन तक कथा वाचन किये। ब्यासपीठ से गौकर्ण कथा, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र वामन अवतार श्री कृष्ण जन्म, रूखमणी विवाह, रासलीला कथा, सुदामा चरित्र की कथा की व्याख्या बहुत ही सरल भाषा में किया गया। जिससे सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।इस महापुराण कथा में प्रतिदिन ग्राम वासियों के साथ साथ आसपास से हजारो श्रद्धालु कथा लाभ लिये' अंतिम दिवस, भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया गया था। आयोजक द्वारा सभी ग्रामवासियो, श्रद्धालुओ श्रोताओं को उनके इस सहयोग के लिए हृदय से सबका आभार व्यक्त किया गया।



## महापौर हेमा देशमुख ने निगम कार्यालय के सभी विभागों मे जाकर अधिकारी कर्मचारी से रूबरू हो नव वर्ष की दी बधाई एवं सहयोग पर किये धन्यवाद ज्ञापित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख अपने कक्ष में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात कर सभी को नव वर्ष की बधाई देकर, पॉच साल सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इसी कडी में उन्होंने नगर निगम के सभी विभागों मे जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा विभागीय काम काज में सहयोग प्रदान करने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख आज प्रात: 11 बजे कक्ष में पहुॅच अपने महापौर कार्यकाल के अंतिम दिवस जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप लोगों का मेरे महापौर कार्यकाल में बहुत अच्छा सहयोग मिला। आप लोगों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नगर विकास में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुये वरिष्ठो से इसी प्रकार आर्शीवाद बनाये रखने कहा। उन्होंने कहा कि शासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ और शासन द्वारा नगर विकास के लिये दी गयी स्वीकृति एवं राशि का सदुपयोग करने नियमानुसार प्रक्रिया कर विकास को मूर्तरूप दिया गया। कार्यालय से जाने के पूर्व महापौर ने निगम कार्यालय के सभी विभागों सामान्य प्रशासन विभाग, लोककर्म, जल, प्रधानमंत्री आवास, भवन नजूल, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग आदि में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उन्हे नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि नया वर्ष आप लोगों की जिन्दगी में नई किरण लेकर आये और आप इसी प्रकार हसी खुशी के माहौल में अपने दायित्वों का निर्वाहन करे। उन्होंने महापौर कार्यकाल में विभागीय कामकाज में सहयोग करने पर उन्हे धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीधे जनता से जुडी संस्था है, जिसमें काम करना बहुत कठिन है,किन्तु आप लोग के सहयोग से मैने अपना कार्य असानी से की और शहर को विकास की दिशा में ले जाने अग्रसर हुई। उन्होंने कहा कि आप सभी इसी प्रकार लगन से कार्य कर नगर निगम का नाम रोशन करे।



# मो. इरफान शेख के दफ्तर में कटा सांसद पांडे का जन्मदिन केक



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नंदई चौक स्थित कार्यालय में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन कल धूमधाम से मनाया गया। जनाब शेख ने लोकसभा सदस्य को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मोर्चा के सदस्य पदाधिकारी सहित पार्टी के करीब 300 लोग उपस्थित थे। श्री पांडे ने इस दौरान मोहम्मद इरफान शेख सहित जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की तारीफ की। जब शेख सहित मोर्चे के सभी लोगों ने श्री पांडे को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाई दी जिसको लेकर सांसद श्री पांडे गदगद हुए। यह अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष भाई मो. इरफान शेख के साथ वरिष्ठ पार्षद भाई विजय राय, श्रीमती मधु बैद, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री देवसरण सेन, प्रदेश मंत्री श्री रफीक ख़ान, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री ज़हीर अब्बास, भाई लक्ष्मण यादव, भाई अफ़ज़ल ख़ान, हैरी जोसेफ़ अख़्तर अली, अफ़्सर ख़ान, भाई इमरान बीबा जी, मंडल अध्यक्ष भाई नदीम बड़गुजर, भाई सलीम क़ुरैशी, बजरंग दल के सदस्य भाई हेमंत राजपूत, शुभम चौहान, भूरू बड़गुजर, आजु सोलंकी, तबरेज़ ख़ान, अहमद ख़ान, इस्माइल ख़ान, मुस्ताक ख़ान, शहबाज़ ख़ान, मोहम्मद आसिफ़ रामेश्वर यदु (भूरू), राजू ख़ान सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए थे।

# सीआरसी ठाकुरटोला में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव :** सीआरसी ठाकुरटोला के नए भवन में आशा कार्यकर्ताओं और अभिभावकों के लिए एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संस्थान राष्ट्रीय संस्थान एनआईईपीआईडी, सिकंदराबाद के तहत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित होता है। कार्यक्रम की शुरुआत पुनर्वास अधिकारी श्रीमती मेघा दुबे के संबोधन से हुई। उन्होंने सीआरसी की सेवाओं, पाठ्यक्रमों, नीरामय कार्ड, एडीआईपी योजना और यूडीआईडी कार्ड के बारे में जानकारी दी। साथ ही, च्दिव्यांगजन वयश्री योजनाज्ज् के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। नए सीसीसीपीजी पाठ्यक्रम के बारे में भी अभिभावकों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आशा की राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्रीमती कमला गुप्ता ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में 15 आशा कार्यकर्ताओं, 32 छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस आयोजन का समन्वय श्रीमती मुक्ता साहू (नर्स) और फरीदा (केयर गिवर) ने किया। विभिन्न विभागों ने भ्रमण के दौरान अपनी सेवाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना था।

## कलेक्टर ने आपदा प्रभावितों के लिए 58 लाख 65 हजार रूपए सहायता राशि आबंटित की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए 58 लाख 65 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि आबंटित की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 64 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख 56 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 झोपड़ी क्षति होने पर 15 हजार रूपए, अतिवृष्टि से पक्का मकान क्षति होने पर 6 हजार 500 रूपए, अतिवृष्टि से 15 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 18 लाख रूपए, आकाशीय बिजली गिरने से दो बैल मृत होने पर 64 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं बैराज के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 4 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 4 लाख 80 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 39 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 56 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 6 पशु शेड क्षति होने पर 15 हजार रूपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 105 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 लाख 65 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान क्षति होने पर 13 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से 96 मकान आंशिक क्षति होने पर 3 लाख 84 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 145 मकान आंशिक क्षति होने पर 5 लाख 79 हजार 500 रूपए, अतिवृष्टि से 1 पशु शेड क्षति होने पर 3 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 8 पक्के मकान की आंशिक क्षति होने पर 52 हजार रूपए एवं अतिवृष्टि से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रूपए पर की प्रशासकीय स्वीकृति संबंधित तहसील को आबंटित किया गया है।

## जिले में 99 हजार 574 किसानों से 4932804.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महाभियान अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 99 हजार 574 किसानों से 4932804.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 1137 करोड़ 52 लाख 36 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार जारी है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कोचियो एवं बिचौलियों पर संयुक्त कार्रवाई जारी है। धान उपार्जन केन्द्रों पर किसानों ने माइक्रो एटीएम के माध्यम से राशि प्रदान की जा रही है। तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है। धान बिक्री के लिए टोकन तुहर दुआर एप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से टोकन किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसानों को बहुत सुविधा मिली और एक ही बार में पूरा धान की बिक्री हो जाने से समय की बचत हो रही है।



**शुभांक**

2-4-9

447-5 125-8

**भाग्यांक**

489-1 247-3

# जुआं-सट्टा व नशे का गढ़ बनती जा रही हमारी संस्कारधानी - अभिमन्यु उदय मिश्रा

## विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र व गृहमंत्री के प्रभार क्षेत्र में चल रही खुलेआम मनमानी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने अपने जारी बयान में कहा है कि राजनांदगांव की सीपी एंड बरार स्टेट ही नहीं पूरे देश में एक अलग पहचान थी यही वजह है कि रायपुर को संजोने का काम भी राजनांदगांव के महंत राजाओं ने किया व ऐतिहासिक टाऊन हॉल, महाकौशल कला विधिका, महंत घासीदास संग्रहालय, वाटर सप्लाई सिस्टम और रायपुर के बिजली सप्लाई का सिस्टम भी राजनांदगांव रियासत के राजाओं की देन रही है, किन्तु ऐसी समृद्ध विरासत वाली हमारी संस्कारधानी आज केवल जुआं-सट्टा और नशे का गढ़ बनती जा रही है, आज जगह जगह सट्टा पट्टी धड़ल्ले से बेखौफहोकर लिखी जा रही है आश्चर्य की बात यही है कि जानकारी के अनुसार शहर का एक बड़ा खाईवाल है जो कि लगभग पूरे जिले का सट्टे का काम मैनेज करता है व करवाता है, थाने इत्यादि में अपनी सेटिंग होने का दावा करता है और सभी जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों को भी मैनेज करने का दावा करता है शहर के अमूमन लोग भी जानते हैं कि उसका क्या काम है किन्तु तब भी कोई कार्यवाही नहीं होती ऐसे में शासन प्रशासन पर सवाल उठना तो स्वाभाविक है, इसके साथ ही नशे की बात करें तो जगह जगह शराब कोचिया आम हो चुके हैं आज शहर में खुले आम चौक चौराहों पर शराब व सूखा नशा बिक रहा है और तो और अब इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए जगह जगह पुरजोर विरोध के बाद भी शराब भट्ठियां खोली जा रही हैं जबकि वही राजनांदगांव बी एन सी मिल के बाद उद्योग को मोहताज है। गौरतलब है कि राजनांदगांव विधानसभा गृहमंत्री विजय शर्मा का प्रभार क्षेत्र होने के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का निर्वाचन क्षेत्र भी है इसके बाद भी इस प्रकार से दुर्गति होती देखना यहां के हर एक व्यक्ति के लिए बेहद कष्टदायक है, हमारी मांग है कि डॉ रमन सिंह जी व विजय शर्मा जी स्वयं इन सब विषयों पर संज्ञान लें व पुलिस अधीक्षक महोदय ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।

# पीएचई विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों के जल स्त्रोतों में यूरेनियम की जानकारी मिलने पर राज्य स्तरीय जल परीक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर से कराया गया परीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव श्री समीर शर्मा ने बताया कि जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राका तथा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी के जल स्त्रोतों में यूरेनियम की उपस्थिति की जानकारी मिली थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ रसायनज्ञ श्री परिमल दत्ता की उपस्थिति में जिले के विभिन्न ग्रामों के जल स्त्रोतों से जल नमूनों का संग्रहण कर जल में यूरेनियम के परीक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के राज्य स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर कराया गया। जहां जल नमूनों की अत्याधुनिक एडवांस्ड तकनीक आधारित इनडक्टीव कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री (आईसीपीएमएस) मशीन से जांच की गई। इस मशीन से मुख्यतः सभी भारी धातु (हेवी मेटल्स) एवं यूरेनियम के परीक्षण की सुविधा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पेयजल में यूरेनियम की अधिकतम स्वीकार्य मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर है। जांच के उपरांत जल नमूने में यूरेनियम की मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर से काफी कम पायी गयी है, जो निर्धारित मानक सीमा के अंतर्गत है। पेयजल में यूरेनियम की अधिकतम स्वीकार्य मात्रा 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक होने से व्यक्ति को किडनी से संबंधित बीमारी होने की संभावना रहती है।

**जांच के बाद जल नमूने में यूरेनियम की मात्रा निर्धारित मानक सीमा के अंतर्गत पायी गई**

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 27 दिसम्बर से 16 जनवरी 2025 तक प्रातः 11:30 से 4 बजे तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 27 दिसम्बर 2024 से 16 जनवरी 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 3 जनवरी को बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदयिक भवन गली नं 5 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में व कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 एवं रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 4 जनवरी को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय कुम्हार पारा मोहारा में तथा 6 जनवरी को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

**3 जनवरी को वार्ड नं. 14,18,19,23,44 व 45 में, 4 जनवरी को वार्ड नं. 47 में एवं 6 जनवरी को वार्ड नं. 49 शिविर**

# भगवान कृष्ण की गीता का सनातन संस्कृति का आधार स्तम्भ है




**राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)।** युवा सिंधु समिति द्वारा चौखडिया पारा स्थित झूलेलाल मंदिर में प्रतिमाह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को झूलेलालजी की महा आरती एवं सत्संग रखा जाता है। इस बार यह कार्यक्रम दिनांक 1 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया। रात्रि कालीन 8 से 10 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार की प्रखर वक्ता श्रीमती मीता ठक्कर द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के बारे में मर्म स्पर्शी उद्बोधन दिया गया। युगों पहले कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से युद्ध से भागने को तत्पर मोह ग्रस्त अर्जुन को युद्ध के मैदान में सुनाया गया दिव्य ज्ञान, भगवान के श्री मुख से गया यह दिव्या गीत, आज वर्तमान समय के परिपेक्ष में भी कितना प्रासंगिक है यह प्रतिपादित करने का एक सार्थक प्रयास किया गया। कुरुक्षेत्र के मैदान के उस महा समर को जीवन संघर्ष के साथ जोडक़र हर एक व्यक्ति को भगवान को अपना साझेदार बनाने के लिए आवाहित किया गया। इस माध्यम से जन-जन को और खासकर युवा पीढ़ी को जीवन के प्रति अपने अभीगम को बदलकर एक सकारात्मक रूप अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिमा शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पूज्य पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज जी, संरक्षक लोक चंद लहरवानी जी, मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता अशोक पंजवानीजी युवा समिति के अध्यक्ष तरुण आहूजा एवं उपाध्यक्ष जय पंजवानी ने विशेष रूप से अपनी गरिमा मय उपस्थिति दी। सहयोगी के रूप में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती दीपा ठक्कर एवं गायत्री विद्यापिठ के श्रीमती ओमवती दीदी उपस्थित रही जिन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में सुंदर भजन सुनाया। उपरोक्त जानकारी गायत्री परिवार के श्री हिरेन भाई ठक्कर ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।



# नेशनल डिफेंस एकेडमी द्वारा आयोजित परीक्षा में गायत्री विद्यापीठ के छात्र आदित्य साहू को मिली बड़ी सफलता

## नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा में चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य साहू का चयन नेशनल डिफेंस एकेडमी में हुआ है। आरंभ से ही पढ़ाई में अव्वल छात्र आदित्य ने उक्त परीक्षा में चयन हेतु कठोर परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग एवं विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त किया। छात्र द्वारा यह सफलता अर्जित करने के पश्चात् पाँच दिवसीय साक्षात्कार वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में लिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में छात्र को विभिन्न कठिन चरणों से होकर गुजरना होगा। जिसमें सफल होने पर छात्र का चयन नेशनल डिफेंस एकेडमी के विभिन्न पदों में से किसी एक पद में किया जाएगा। छात्र की इस सफलता पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।




## घुपसाल मंडई 10 को

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम घुपसाल में 10 जनवरी शुक्रवार को देव मंडई का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में महादेव हिरवानी कृत धरोहर कंनहारपुरी राजनांदगांव वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू, अध्यक्षता, भगवानी राम भंडारी, विशेष अतिथि नरेश शुक्ला, श्री लक्ष्मीनारायण साहू, लालचंद साहू, ग्राम प्रधान द्वारिका नायक होंगे, ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, पुरण टांडेकर सचिव, लोमस साहू, कोमल साहू, मोहन रावते, गोकर्ण भूआर्य, कैलाश चौधरी, डूमेश्वर साहू, बलराम श्रीवास द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

Email-eckhaira-pheacg.gov.in

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-ब आयटम दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग/सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 23/23.12.2024, 163299 | जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के जिला स्तर में जल जीवन मिशन के विभिन्न स्तरों पर कियान्वयन, अनुश्रवण एवं निगरानी हेतु किराये पर कुल 03 वाहन लेने की निविदा। | 21.60 लाख |

**नोट-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (http://epro.cgstate.gov.in) से दिनांक 27.12.2024 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 17.01.2025 सांय 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)**

जी- 242504993/3

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ०ग०)**

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र.- 202501291502002.
शीर्ष अ-7 वर्ष 2024-25
क्रमांक/15/वा. नजूल / 2024
खैरागढ़, दिनांक 02/01/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अंकित तिवारी पिता शारदा चरण तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक-05 ठाकुरपारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार, ब्लाक नं. 06, स्थित भूखण्ड क्रमांक 101 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि आवेदक आवेदक के पिता शारदा चरण आ0 शिवप्रसाद के नाम पर दर्ज है। खातेदार का फौत हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर आवेदक विधिक वारिसान का नाम पर फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक सहित विधिक वारिसान का नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**नजूल जूतधि अधिकारी**
**खैरागढ़ छुईखदान -गण्डई**

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय क्षेत्र में स्थित दो ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है?*

*2) सारण सिंचाई नहर किस नदी से निकलती है?*

*3) वर्तमान में भारत के किस स्थान को सफेद पानी के नाम से जाना जाता है?*

*4) आमतौर पर पेटेंट की अवधि कितनी होती है?*

*5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेना स्पेक्टाबिलिस क्या है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) बैरन एवं नारकोण्डम (2) गंडक (3) सियाचिन (4) 20 वर्ष (5) अत्यधिक आक्रामक वृक्ष

# (स्थापना दिवस विशेष) राष्ट्रभक्त युवाओं के लिये पुरी शंकराचार्यजी का प्रकल्प है आदित्यवाहिनी - प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** आज भारत की जनसंख्या में लगभग आधी आबादी युवाओं की है। युवा वर्ग के पास शिक्षा , हुनर , कला , श्रमशक्ति उपलब्ध है किन्तु उनको सही मार्ग नहीं दिखता कि इन योग्यताओं का वह स्वयं , परिवार , समाज एवं राष्ट्र के उत्कर्ष के लिये किस प्रकार उपयोगिता सिद्ध करें। ऐसी अवस्था में यदि युवा वर्ग श्रीगोवर्धन मठ पुरी के प्रकल्प आदित्यवाहिनी के संयोजन के मूल भावना को समझकर इससे जुड़ता है तो स्वयं स्वावलंबी व सुबुद्ध बनकर अन्यों के लिये भी मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उक्त बातें अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज द्वारा संस्थापित संगठन आदित्यवाहिनी के छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू ने आज संगठन के स्थापना दिवस पर श्री सुदर्शन संस्थानम में प्रेस से मिलिये कार्यक्रम में अरविन्द तिवारी से चर्चा करते हुये कही। श्रीगोवर्धन मठ पुरी क्या है और इसके प्रकल्प आदित्यवाहिनी से जुड़कर हम कैसे अपने लौकिक और पारलौकिक उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेंगे ? इस सवाल का जवाब देते हुये प्रदेशाध्यक्ष साहू ने बताया कि ईसा से लगभग पांच सौ वर्ष पूर्व भगवान आदि शंकराचार्यजी महाभाग का प्रादुर्भाव हुआ था। तात्कालिन बौद्ध धर्म की बहुलता के समय उन्होंने सनातन धर्म को पुनर्स्थापित किया था तथा अपने जीवन काल में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिये सम्पूर्ण भारतवर्ष को चार भागों में विभक्त करके अपने चिन्मय करकमलों द्वारा चार मान्य पीठ की स्थापना करके अपने प्रमुख शिष्यों को शंकराचार्य के पद पर आरूढ़ कराया था , तब से इन चारों मान्य पीठों में शंकराचार्य परंपरा चली आ रही है। भारत के पूर्वी भाग पुरी उड़ीसा में स्थित श्रीगोवर्धन मठ आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मान्य पीठों में से एक है। वर्तमान में ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धनमठ पुरी में श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी पीठ के 145 वें शंकराचार्य के रूप में विराजमान हैं। वर्तमान शंकराचार्यजी इस पद पर प्रतिष्ठित होने के पूर्व धर्मसम्राट स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज के दीक्षित शिष्य होकर उनसे धर्म , अध्यात्म , गोरक्षा , राष्ट्र रक्षा , व्यासपीठ एवं शासनतन्त्र का शोधन आदि विषयों पर कार्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी श्रीकरपात्री जी ने राजसत्ता के शोधन हेतु रामराज्य परिषद का गठन किया था , उन्हीं के प्रेरणास्वरूप समाज के सभी धर्मप्रेमी , राष्ट्रप्रेमी महानुभावों को एक संगठन के रूप में मंच प्रदान करने के पावन उद्देश्य से वर्तमान पुरी शंकराचार्यजी ने धर्मसंघ पीठ परिषद् की स्थापना की है। धर्मसंघ पीठ परिषद् के अंतर्गत आदित्यवाहिनी , आनन्दवाहिनी , राष्ट्रोत्कर्ष समिति , हिन्दू राष्ट्रसंघ , सनातन सन्त समिति कार्य करती है। पांच से चौदह वर्ष तक के बालक बाल आदित्यवाहिनी , चौदह से पैंतालीस वर्ष तक के युवक आदित्यवाहिनी तथा उसके ऊपर के आयु के सज्जन पीठ परिषद के सदस्य होते हैं। ठीक इसी प्रकार पांच से चौदह वर्ष तक की आयु की बालिका बाल आनन्दवाहिनी के सदस्य तथा चौदह से लेकर पैंतालीस वर्ष तक की मातृशक्ति आनन्दवाहिनी की सदस्या होती है। धर्मसंघ पीठ परिषद , आनन्दवाहिनी और इनसे संबद्ध संगठन प्रेरकमंडल , मार्गदर्शकमंडल का कार्य करते हैं , युवा शक्ति आदित्य वाहिनी का कार्य होता हैं। आदित्य वाहिनी के छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष ने आगे बताया कि पूज्यपाद पुरी शंकराचार्यजी के संदेशों के अनुसार संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिये धर्म ,अध्यात्म , राष्ट्र रक्षा के साथ साथ स्वयं के लौकिक पारलौकिक उत्कर्ष की भावना से स्वयं को प्रस्तुत करना है। संस्था के उद्देश्यों के बारे में पूछे जाने पर टीकाराम साहू ने बताया कि अन्यों के हित का ध्यान रखते हुये हिन्दुओं के अस्तित्व एवं आदर्श की रक्षा , देश की एकता , अखण्डता तथा सुरक्षा के लिये कार्य करना। आदित्यवाहिनी से जुड़कर उपरोक्तानुसार कार्य कैसे करें ? इस सवाल पर उन्होंने बताया कि किसी पुनीत कार्य , समष्टि कार्य को करने के लिये आत्मबल आवश्यक है , इसको प्राप्त करने के लिये प्रतिदिन लगभग सवा घंटे की उपासना की आवश्यकता है जो कि पंद्रह ङ्क पंद्रह मिनट के रूप में प्रातः , स्नानोपरांत , दोपहर , सायं एवं रात्रि को किया जा सकता है। आत्मबल से युक्त आदित्यवाहिनी के सदस्य सांगठनिक रूप में कार्य करें क्योंकि इस कलिकाल में संगठन में ही शक्ति निहित होती है। कैसे व क्या कार्य करना है ? पूछे जाने पर प्रदेशाध्यक्ष साहू ने बताया कि प्रतिदिन प्रत्येक हिन्दू परिवार से एक रूपया एकत्रित कर एवं एक घंटा समयदान , श्रमदान के रूप में देकर उस क्षेत्र को सनातन मानबिन्दुओं के अनुरूप स्वावलंबी , समृद्ध , सुबुद्ध बनाने का कार्य करना है। इससे एकत्रित राशि का उपयोग एवं श्रमदान उसी क्षेत्र में प्रकृति संरक्षण , नदी ङ्क नालों व तालाबों का संरक्षण एवं निर्मलीकरण , वृक्षारोपण , देसी गोवंश संरक्षण , मठ ङ्क मंदिरों का जीर्णोद्धार , रखरखाव , क्षेत्रवासियों को स्वरोजकार प्रदान करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार कुटीर उद्योगों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था , संगोष्ठी के माध्यम से सनातन संस्कृति अनुरूप संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर जनजागरण तदानुसार कुलदेवी , कुलदेवता , कुलगुरू , कुलपरंपरा का महत्त्व प्रतिपादित करना , नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों में प्रारंभ से ही संस्कार स्थापित करना , प्रतिभाओं के लिये खेलकूद , सांस्कृतिक , आध्यात्मिक गतिविधि का आयोजन कराना , स्वास्थ्य परीक्षण , निर्धन , असहाय , दिव्यांग की सहायता की भावना जैसे अनेक प्रकल्प संभव हो सकते हैं। प्रत्येक सप्ताह सभी की सुविधा की दृष्टि से समय निर्धारित कर मठ मंदिर या सार्वजनिक स्थान पर सामूहिक संकीर्तन का आयोजन इससे संगठन के सभी सदस्यों का आपस में मेल-मिलाप होगा , भगवत भजन से आध्यात्मिक बल मिलेगा। सामयिक विषयों पर चर्चा तथा भावी क्रियान्वयन के लिये चर्चा भी की जा सकती है।




# कु सिद्दी रेड्डी कियारा ने 9 चक्रों में 3.5 अंक लेकर सभी शतरंज़ खिलाडियो का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एन .आर. सी.ए. शतरंज़ संस्था द्वारा डोंगरगढ के प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी 11 वर्षीय बालिका कु लक्षिता राठी/पिता मनीष राठी,वा चार वर्षीय बालिका शतरंज़ खिलाड़ी कु सिद्दी रेड्डी कियारा /पिता श्री संतोष कुमार राव ने 18 से 22 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज़ स्पर्धा स्मार्ट गर्ल्स महिला शतरंज़ स्पर्धा जो राजनांदगांव में आयोजित की गई थी, इस स्पर्धा में लक्षिता राठी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए पाँच पॉइंट बनाया .वही चार वर्षीय बालिका कु सिद्दी रेड्डी कियारा ने 9 चक्रों में 3.5 अंक लेकर सभी शतरंज़ खिलाडियो का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया...वर्तमान में ये दोनों बालिका शतरंज़ खिलाड़ी आगे आने वाली राज्य स्तरीय शतरंज़ चयन स्पर्धा की नियमित तैयारियां कर रहे हैं.. निसंदेह आने वाले समय में शतरंज़ खेल मेंडोंगरगढ़ वा छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करे गे.....दोनो ही बालिका शतरंज़ खिलाड़ियों को शतरंज़ खेल की शिक्षा डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय रेटेड शतरंज़ खिलाड़ी हरि कृष्णा रेड्डी शतरंज़ प्रशिक्षक द्वारा दी गई है....उक्त जानकारी शतरंज़ संस्था के संयुक्त सचिव निखिल लारोकर ने दी, वा उज्जवल भविष्य की कामना की है।





# कोपेडीह महोत्सव मे कलाकारो ने दी शानदार प्रस्तुति, हुए सम्मानित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कोपेडीह मे समस्त ग्रामवासी एवं कोपेडियन विलेजर्स वेलफेयर फाउंडेशन कोपेडीह के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कोपेडीह महोत्सव का आयोजन आगामी 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को किया गया । कोपेडियन विलेजर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष परस राम साहू ने बताया कि महोत्सव मे कलाकारो को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर को खेल प्रोत्साहन के तहत महिला, पुरुष, युवा वर्ग एवं बच्चों के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम मे श्रद्धांजलि संगीत संध्या, रिकॉर्डिंग डांस, फैंसी ड्रेस सहित विविध आयोजन एवं नव वर्ष अभिनंदन कार्यक्रम हुआ और 1 जनवरी को सांस्कृतिक कला महोत्सव कार्यक्रम के तहत रामायण सिया के राम मानस परिवार पड़की भाट बालोद, सुआ नृत्य कहि देबे सुआ ल संदेश सुआ नृत्य ससहापपलारी बलौदा बाजार, रामायण उमाशंकर मानस मंडली डिपरापारा दुर्ग, पंडवानी आदर्श पंडवानी पिरदा बेमेतरा, लोक कला माटी के महिमा लोक कला मंच दुर्ग, गुरु ग्रंथ पंडवानी आदर्श पंडवानी (गायिका त्रिवेणी साहू) पिरदा बेमेतरा, जस झांकी भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंम्भौरी बेमेतरा की प्रस्तुति हुई। परस राम साहू अध्यक्ष,विष्णु सिंह साहू उपाध्यक्ष,मानिक साहू कोषाध्यक्ष,रमेश यदु सचिव,विजय अग्रवाल सहसचिव, मदन साहू संरक्षक व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, सदस्य गण - तीरथ साहू उपसरपंच, राजेश साहू, भूपेंद्र, गौकरण पवार, कुलेश्वर साहू, दिलेश्वर साहू, दुग्धे दीपक साहू, हरेंद्र सिंह,भूपेंद्र ठाकुर, पवन साहू,यवनेश साहू, गोवर्धन साहू, रोशन साहू, श्रवण नागवंशी, लोमस साहू ने सफल आयोजन के

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल से हमारे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को अवसर मिलता है



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बादराटोला संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता ग्राम करेठी मे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हिरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा राजनंदगांव मंडल भाजपा कोषाध्यक्ष दिग्विजय साहू जनपद सदस्य पार्वती साहू सरपंच कुमारी बाई वामन हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य माखनलाल ठाकुर गिरजा शंकर चंद्रवंशी ग्राम पटेल तेजेश्वर साहू रामचंद्र चंद्रवंशी आनंद चंद्रवंशी गोपेश्वर साहू मूलचंद साहू विक्रम साहू हंसा साहू गोकुल चंद्रवंशी मोहन मानिकपुरी संतोष साहू एवं समस्त शिक्षक गण समस्त ग्रामवासी ग्रामीण क्षेत्रों में खेल से हमारे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को अवसर मिलता है जिससे खेल के माध्यम से आगे जाने का अवसर प्राप्त होता है खेल खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए जिससे हर अजीत लगा रहता है पर अच्छे खेल करने वाले बच्चों का प्रशंसा हमेशा होती है हमें हमेशा अच्छे खेलने वाले बच्चों का ध्यान में रखकर उसकी मदद कर आगे बढ़ाने की बच्चों की चाहत को पूर्ण करना चाहिए और उसकी मदद करना चाहिए जिससे बच्चे का सपना साकार हो सके और आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन करें आप सभी को नया साल की हार्दिक शुभकामनाएं हार्दिक बधाई।

# तम्बाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों का निरीक्षण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में 02 जनवरी को के तारतम्य में प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर से लगे 100 मीटर की दूरी में स्थित जनरल एवं किराना दुकानों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को यह हिदायत दी गई कि दुकान में नशा संबंधित उत्पाद जैसे तम्बाकू,गुटखा, सिगरेट आदि की बिक्री न करें यदि इस संबंध में उनके




द्वारा लापरवाही बरती जाती है,तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है,इस निरीक्षण के दौरान ठुष्ष् प्रभारी गणेश कुमार नेताम( सहायक प्राध्यापक समाज शास्त्र) प्रो. प्रियांकी गजभिए रा.से.यो.प्रभारी बालिका तथा डॉ.आशाराम साहू प्रभारी बालक द्वारा दुकानों का निरीक्षण किया गया, इस निरीक्षण में रा.से.यो.के दोनों इकाई के स्वयं सेवक ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया जिसमें देवनारायण माली, कमलकांत,मुकेश कुमार साहू,किरण साहू आदि प्रमुख थे।

## निधन



प्रमोद पटेल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड साकेत धाम मटिया निवासी प्रमोद पटेल 52 वर्ष का निधन 2 जनवरी को हो गया है उनका अंतिम संस्कार मटिया मुक्तिधाम में किया गया।

## धर्म समाचार....

# जनवरी महीने में इन राशियों पर बरसेगी भगवान शिव की कृपा, खुल जाएगा किस्मत का पिटारा

सनातन धर्म में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिव जी की पूजा की जाती है। साथ ही सोमवार का व्रत रखा जाता है। राशिफल के अनुसार (रुह्वष्म्र4 'शस्त्रद्बड्डुष् स्द्बद्दठ्ठ) जनवरी का महीना कई जातकों के लिए उत्तम रहने वाला है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने से साधक की मनचाही मुराद पूरी होगी।

नव वर्ष की शुरुआत हो चुकी है। साल के पहले महीने में कई ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। सबसे पहले बुध देव राशि परिवर्तन करेंगे। इसके बाद सूर्य देव और मंगल देव राशि परिवर्तन करेंगे। जनवरी महीने के अंत में सुखों के कारक शुक्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर प्रभाव पड़ेगा। वहीं, साल 2025 पर मंगल देव का सबसे अधिक प्रभाव रहेगा। वहीं, जनवरी महीने में कई राशियों पर महादेव की विशेष कृपा (रुह्वष्म्र4 'शस्त्रद्बड्डुष् स्द्बद्दठ्ठ) बरसेगी। उनकी कृपा से सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही बिगड़े काम बन जाएंगे। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-




**मेष राशि**- मेष राशि के स्वामी मंगल देव हैं आराध्य हनुमान जी हैं। हनुमान जी, देवों के देव महादेव के रूद्र रूप हैं। अतः मेष राशि के जातकों पर भगवान शिव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से सभी प्रकार की सुखों की प्राप्ति होगी। रुके काम पूरे होंगे। विशेष काम में सफलता मिलेगी। साथ ही कोई मनोकामना पूरी होगी। अगर निवेश करने की सोच रहे हैं, तो 15 जनवरी के बाद निवेश कर सकते हैं। इसके साथ ही जॉब और कारोबार में भी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** -ज्योतिषियों की मानें तो वृश्चिक राशि के जातकों पर भी महादेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से वृश्चिक राशि के जातकों को सभी कामों में सफलता मिलेगी। हालांकि, गुस्से पर कंट्रोल रखें। अनदेखी करने से बने काम भी बिगड़ सकते हैं। कोई बड़ी खुशखबरी आपको जनवरी महीने में मिल सकती है। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। जल्दबाजी बिल्कुल न करें। रोजाना स्नान-ध्यान के बाद सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**मकर एवं कुंभ राशि**- देवों के देव महादेव की कृपा मकर एवं कुंभ राशि के जातकों पर भी बरसेगी। इस राशि के स्वामी शनिदेव हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। वर्तमान समय में शुक्र देव कुंभ राशि में विराजमान हैं। वहीं, मकर राशि में मंगल देव उच्च के होते हैं। अतः विशेष प्रकार के कामों में मकर राशि के जातकों को सफलता मिलेगी। रोजगार से जुड़े अधूरे कार्य पूरे होंगे। कुंभ राशि के जातकों को कारोबार में सफलता मिल सकती है। तनाव से दूर रहें। इससे बचाव के लिए दूध या गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें। यह महीना अर्थ की दृष्टि से सही रहने वाला है।

### जनवरी महीने में कब है दुर्गा अष्टमी? एक क्लिक में नोट करें शुभ मुहूर्त एवं महत्व

सनातन शास्त्रों में जगत की देवी मां दुर्गा की महिमा का गुणगान विस्तारपूर्वक से किया गया है। मां दुर्गा के शरण और चरण रहने वाले साधकों की बिगड़ी किस्मत भी संवर जाती है। साधक दुर्गा अष्टमी तिथि पर जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की कठिन भक्ति करते हैं। इस शुभ अवसर पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। सनातन धर्म में मासिक दुर्गा अष्टमी का विशेष महत्व है। यह पर्व जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर मां दुर्गा की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त दुर्गा अष्टमी का व्रत रखा जाता है। जगत की देवी मां दुर्गा की साधना करने से भक्तजन के सभी दुख दूर हो जाते हैं। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। मां बेहद दयालु एवं कृपालु हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। साधक श्रद्धा भाव से दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा की कठिन साधना एवं उपासना करते हैं। अगर आप भी जीवन में दुखों से छुटकारा पाना चाहते हैं, अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा की पूजा अवश्य करें। आइए, दुर्गा अष्टमी का शुभ मुहूर्त एवं महत्व




**मासिक दुर्गाष्टमी शुभ मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, पौष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 06 जनवरी को संध्याकाल 06 बजकर 23 मिनट पर होगी। वहीं, अष्टमी तिथि की समाप्ति 07 जनवरी को शाम 04 बजकर 26 मिनट पर होगी। सनातन धर्म में सूर्य उदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः 07 जनवरी को पौष माह की दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी।

**दुर्गा अष्टमी महत्व**- शिव ही शक्ति हैं और शक्ति ही शिव हैं। अतः साधक मां दुर्गा की कठिन पूजा-भक्ति करते हैं। कठिन साधना करने वाले साधकों पर देवी मां की असीम कृपा बरसती है। उनकी कृपा से सोया हुआ भाग्य में चमक उठता है। गरीबी और दरिद्रता दूर हो जाती है। घर में सुखों का आगमन होता है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में शिव-शक्ति की विशेष पूजा-आरती की जाती है। बड़ी संख्या में भक्तजन भक्तजनमहादेव संग मां पार्वती के दर्शन हेतु मंदिर आते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# आदिवासियों के बीच मनाया नया साल, 10 वर्षो से कर रहें हैं सेवाकार्य...

## सेवाभावी संस्था माँ पाताल भैरवी मन्दिर सेवाश्रम समिति वनांचल के अंदरूनी क्षेत्र में पहुंचकर वहां के विकास के लिए शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण कर कार्य करवाना उद्देश्य








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बर्फानी धाम माँ पाताल भैरवी मन्दिर सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और (पत्रकार)कमलेश सिमनकर नए वर्ष के पहले दिन पहुंचे नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र लमरा । वहां के बच्चों को गर्म कपड़े, ऊनि टोपी, चॉकलेट, बिस्किट बांटे, साथ ही बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषो को कम्बल और साड़ियां दिए। विगत 10 वर्षों से सेवाभावी संस्था माँ पाताल भैरवी मन्दिर सेवाश्रम समिति इन नक्सल पर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर वहां के लोगों को समय-समय पर जरूरत का सामान उपलब्ध करवाते आ रहे है, इस वर्ष भी ठंड के समय मे करीब 12 वनांचल क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर वहां के लोगों को ठंड से बचने के लिए, बच्चों को गर्म कपडे, ऊनि टोपी। महिलाओं को साड़ियां, बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कम्बल बांटते आ रहे है।आयोजन में बच्चों के गर्म कपड़े, ऊनि टोपी, कम्बल संस्कारधानी नगरी के सेवाभावी दिनेश पटेल,नीलम जैन,सन्तोष खण्डेलवाल और राजेंद्र परमार का सहयोग मिला।

खैरागढ़ जिले के लछना ग्राम पंचायत का आश्रित ग्राम लमरा पहुंचविहीन गांव है, लछना से लमरा तक 17 किलोमीटर में प्रधानमन्त्री सड़क निर्माण के बोर्ड तो लगे है, पर सड़कों का अता-पता नही है,सड़कों का निर्माण गुणवत्ताहीन होने के कारण पूरी सड़के उखड़ गए है। लमरा खैरागढ़ जिले का एक ऐसा गांव है,जो प्रदेश की सीमा का अंतिम गांव है, इस गांव से महज एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमाएं है। 3 प्रदेशों को जोड़ने वाले इस गांव में 25 परिवार के 152 लोगों निवासरत है, आज भी यह गांव विकास को बाट जोह रहा है, गांव में बिजली नही है। सोलर प्लेट तो शासन-प्रशासन ने लगा दिए है, पर बन्द पड़े है। पानी की टँकी तो लगा दी है, पर पानी नही है। ये कैसा विकास है, जो ग्रामीणों को शासन-प्रशासन ठगने का कार्य कर रही है। इस गांव तक शासन की योजनाएं भी नहीं पहुंच पाती है। आज के इस आयोजन में सहयोगी में रूप में रोशन ठाकुर,हिम्मत पवार और संजय अग्रवाल साथ में रहें हैं।

# सुंदरकांड महाकुंभ के अष्टम दिवस आज चैतन्य दधीच देंगें भजनो की प्रस्तुति

**श्री हनुमान श्याम मंदिर में हो रहा आयोजन**

**राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से सुंदरकांड की 18वीं माला की पूर्णाहुति पर 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के अष्टम दिवस आज 3 जनवरी शुक्रवार को श्री हनुमान श्याम मंदिर में सुमधुर भजनों का कार्यक्रम आयोजित है । श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से राजेश शर्मा , कमलेश शर्मा एवं श्रीमती संजू कैलाश कुमावत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री सुंदरकांड महाकुंभ के अवसर पर प्रथम दिवस भजन संध्या एवं द्वितीय दिवस से षष्ठम दिवस तक श्री शिव महापुराण कथा एवं सप्तम दिवस भजन संध्या आयोजित हुई । आज अष्टम दिवस 3 जनवरी शुक्रवार को जयपुर के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक चैतन्य दधीच के द्वारा अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से सुमधुर भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित की जाएगी । आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि इस 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के पावन अवसर पर आयोजित प्रतिदिन के महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें । ज्ञातव्य है कि 18वीं माला का 108 वा सुंदरकांड पाठ 12 जनवरी को 108 जोड़ो के साथ संपन्न होगा ।



# श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित अठारह दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के सप्तम दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित अठारह दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के सप्तम दिवस कोलकाता निवासी सुप्रसिदश्री श्याम सेवक दया शर्मा द्वारा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित की गई ।



# कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों की ली बैठक

## भूमिगत जल को सिर्फपेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, जल स्त्रोत विहीन एवं संभावित जल समस्या वाले ग्रामों में जल समस्या समाधान शिविर, जल संगोष्ठी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के जल स्त्रोत विहीन ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना तैयार करने के लिए आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। जिससे आने वाले ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के 24 जल स्त्रोत विहीन एवं संभावित जल समस्या वाले ग्रामों का चिन्हांकन कर लिया गया हैं। जहां जल समस्या को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूत है। इसके लिए चिन्हांकित ग्रामों में जल समस्या समाधान शिविर, जल संगोष्ठी, फसल चक्र परिवर्तन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को चिन्हांकित ग्रामों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने कहा। जल स्त्रोत विहीन एवं संभावित जल समस्या वाले ग्रामों में जल संरक्षण के लिए स्ट्रक्चर तैयार करने कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर ज्यादा से ज्यादा जल संरचना निर्माण करने कहा। जिले में निर्मित पुराने स्टाप डेम एवं नाला बंधान एवं अन्य जल संरचनाओं की आवश्यकता के अनुसार मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। जिससे अच्छे से पानी का संरक्षण हो सके। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को लाल पानी वाले हेण्डपंपों की जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री निलेश रामटेके सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने की कला सिखाता है शतरंज - मधुसूदन

## स्टेशनपारा में वार्ड स्तरीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता आयोजित



### पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में उपस्थित रहे पूर्व सांसद मधुसूदन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 में दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में 22 दिसंबर से 31 दिसंबर तक वार्ड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । अन्य अतिथिगण के रूप में नागेश यदु प्रदेश संयोजक छात्र युवा मंच, स्थानीय भाजपा नेता नरेंद्र हंसा उपस्थित रहे। वार्डवासीयो में बबीता कुलदीप, अंकित गढ़ेवाल, किशोर देशमुख, शिव रजक, संजू बघेल एवं अन्य उपस्थित रहे। आयोजक मंडल स्टेशनपारा बूथ समिति क्रमांक 91, क्रमांक 92 एवं क्रमांक 95 के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस वार्ड स्तरीय प्रतियोगिता एवं शतरंज प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को एक सप्ताह तक शतरंज खेलने के गुण सिखाए गए थे और उसके बाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में गोविंद सिंह राजपूत, कुणाल चचाने एवं उमेश सिंह राजपूत ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई और प्रशिक्षण शिविर संयोजक के रूप में राजेश रजक, रुपेश रजक, रितेश सोलंकी, बिट्टू रणसूरे, राधा बाई गजभिए बीरबल रणसूरे एवं स्वाती रगड़े का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

समापन एवं पुरस्कार वितरण के आयोजन में पूर्व सांसद मधु ने शतरंज खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई की एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किया । प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो सभी उम्र के लोगों, विशेषकर बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र जैसे व्यवसाय, प्रबंधन, समस्या समाधान, और सामाजिक कौशल में सफ्ल होने की कला सिखाता है । शतरंज के खेल के अभ्यास से ध्यान, एकाग्रता, कल्पनाशक्ति, समन्वय क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्वशीलता के गुना का विकास होता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं हरने वाले खिलाड़ियों को निराश न होकर अपनी गलतियों से सीख लेते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मेहनतकश महिलाओं के लिए शासन की महतारी वंदन योजना उम्मीदों की तरह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन की महतारी वंदन योजना बदलाव की एक बयार है। इस योजना से महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आ रहे हैं। ऐसी मेहनतकश महिलाएं जिनका जीवन चुनौतीपूर्ण है, उनके लिए शासन की योजनाएं उम्मीदों की तरह है। राजनांदगांव शहर के मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 की निवासी श्रीमती नीरा देवांगन ने बताया कि वे अपने परिवार में अकेले कमाने वाली है। वे घरों में साफ-सफाई एवं अन्य घरेलू काम करती है। जिससे उन्हें मासिक आय लगभग 7 हजार रूपए प्राप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह जब महतारी वंदन योजना के तहत जब 1000 रूपए की राशि प्राप्त होती है, तो बहुत खुशी महसूस होती है। वे प्राप्त राशि का उपयोग घरेलू कार्य में करती हैं तथा कुछ राशि भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेती हैं। उन्होंने बताया कि उनको प्रतिमाह राशन कार्ड से 35 किलो चावल मिल रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com